# गोल्ड लोन आवेदन फॉर्म

शिवालिक
शिवालिक स्मॉल फाइनान्स बैंक लिमिटेड

सेवा में,

**शाखा प्रबंधक,**

**शिवालिक स्मॉल फाइनान्स बैंक लिमिटेड**

______________________ **(शाखा का नाम)**

मैं/हम एतद्द्वारा एतद्द्वारा बैंक से अनुरोध करते हैं कि आवेदन प्रपत्र में नीचे यथा विनिर्दिष्ट रूप से सोने के गहनों/जेवरात की प्रतिभूति पर ______________ /- (रुपए ____________________) का गोल्ड लोन संस्वीकृत किए जाने के लिए मेरे आवेदन पर विचार करें:

**कर्जदार का फोटोग्राफ**

| लोन संबंधी विवरण | | |
|---|---|---|
| **लोन की धनराशि (रु.)** | **CUID नंबर:** | **आवेदन संख्या:** |
| | | |

**कर्जदार का व्यक्तिगत विवरण:**

**कर्जदार का नाम:** ______________________ जन्म तिथि: D D M M Y Y Y Y

पैन कार्ड: ☐☐☐☐☐☐☐☐☐ नंबर/फॉर्म: ______________ वर्तमान निवास में बिताए गए वर्ष: ______________

लिंग: ______________ योग्यता: ______________

वैवहिक स्थिति: ______________ पत्राचार का पता: ______________

राज्य: ______________ नगर: ______________ जिला: ______________ पिनकोड: ☐☐☐☐☐☐☐

लैंडमार्क: ______________ स्थायी पता: ______________

राज्य: ______________ नगर: ______________ जिला: ______________ पिनकोड: ☐☐☐☐☐☐☐

ईमेल: ______________ संपर्क नंबर: ______________

व्यवसाय: ______________ वार्षिक सकल आय: ______________ राष्ट्रीयता: ______________

पिता का नाम: ______________ जीवनसाथी का नाम: ______________

**नामांकित व्यक्ति संबंधी विवरण:**

नामांकित व्यक्ति का नाम: ______________ नामांकित व्यक्ति का फोन नंबर: ______________

नामांकित का संबंध:

**नामांकित का पता:** ______________

**बैंक के विवरण:**

बैंक नाम: ______________ बैंक शाखा: ______________

बैंक अकाउंट नंबर: ______________ IFSC कोड: ______________

C-KYC नंबर: ______________

**व्यक्तिगत: १) फोटो पहचान पत्र २) बैंक की KYC नीति के अनुसार आवास का प्रमाण.**

शिवालिक
शिवालिक स्मॉल फाइनान्स बैंक लिमिटेड

| गिरवी रखे गए सामान का विवरण | | | | |
|---|---|---|---|---|
| मात्रा | सकल भार (ग्राम) | निवल भार (ग्राम) | पैकेट नंबर | जेवरात का फोटोग्राफ |
| | | | | |

मैं/हम घोषणा करते हैं और समझते हैं कि पूर्व में बताए अनुसार सोने की शुद्धता कम से कम १८ कैरेट है। तथापि, शिवालिक स्मॉल फाइनान्स बैंक लिमिटेड (इसे ''बैंक'' कहा गया है) द्वारा नियुक्त लेखापरीक्षकों/मूल्यांकनकर्ताओं द्वारा इसकी पुन:पुष्टि की जाएगी और उनका निर्णय मुझ/हम पर अंतिम और बाध्यकारी होगा। गिरवी रखे सोने का मूल्य इंडिया बुलियन और ज्वैलर्स एसोसिएशन लि. (पहले इसे बॉम्बे बुलियन एसोसिएशन लि. (बीबीए) कहा जाता था) द्वारा गत ३० दिनों हेतु कोट किए अनुसार २२ कैरेट के क्लोजिंग प्राइस के औसत के अनुसार परिकलित किया गया है।

**कर्जदार के हस्ताक्षर**

ओटीपी द्वारा हस्ताक्षरित

**गोल्ड लोन आवेदन फॉर्म की पावती (यह कर्जदार को दी जानी है)**

प्रिय महोदय/महोदया,

यह उपर्युक्त गोल्ड लोन आवेदन फॉर्म प्राप्त होने की रसीद है। हमारा प्रयास है कि लोन के आवेदन पर ३ दिनों के भीतर प्रक्रिया हो, बशर्ते बैंक द्वारा अपेक्षित रूप में समस्त आवश्यक प्रलेख प्रस्तुत कर दिए गए हों।

**गोल्ड डिपॉजिट रसीद**

दिनांक:

CUID नंबर: ______________________ कर्जदार का नाम: ______________________

प्राथमिक संपर्क नंबर: ______________________ शाखा का कोड: ______________________

शाखा का नाम: ______________________ शाखा का पता: ______________________

**कर्जदार का फोटोग्राफ**

**गहनों/जेवरात का फोटोग्राफ**

शिवालिक
शिवालिक स्मॉल फाइनान्स बैंक लिमिटेड

| गिरवी रखे गए सामान का विवरण | | | | |
|---|---|---|---|---|
| मात्रा | सकल भार (ग्राम) | निवल भार (ग्राम) | पैकेट नंबर | जेवरात का फोटोग्राफ |
| | | | | |

**कर्जदार के हस्ताक्षर**

ओटीपी द्वारा हस्ताक्षरित

## स्वीकृत नियम एवं शर्ते

ए) नीचे बताए गए गोल्ड लोन की संस्वीकृति हेतु हमने आवेदन प्रपत्र दिनांक: _ _ /_ _ /_ _ _ _ _ का अवलोन किया।

बी) मैं/हम यह स्वीकार करते हैं और पुष्टि करते हैं कि लोन के लिए आवेदन में नीचे लिखी सबसे महत्वपूर्ण शर्तें और निबंधन हैं (और बैंक द्वारा लोन का अनुरोध स्वीकार किए जाने पर ये कर्जदार पर लोन के संबंध में लागू होंगी) तथा इन्हें आवेदन प्रपत्र (एकाधिक) और मानक शर्तों (गोल्ड लोन) के साथ जोड़ कर पढ़ा जाएगा:

- कर्जदार का नाम:-
- लोन का प्रकार: सोने के गहनों/जेवरात के बदले में लोन
- स्कीम:
- ऋण राशि: **रु.**
- ऋण की अवधि: _______________ मास (मानक शर्तों के अधीन)
- इसे चुकाए जाने संबंधी बारंबारता:
- प्रक्रिया शुल्क + जीएसटी: **रु.**
- ब्याज की दर: ________% प्रति वर्ष
- ब्याज की दर का प्रकार: **फिक्स्ड**
- आकलन का तरीका: **सरल ब्याज**
- संवितरण की तारीख:
- **अतिदेयता शुल्क:**
- लोन परिपक्वता तिथि: (मानक शर्तों के अधीन)
- प्रयोजन:
- बीमा शुल्क:
- वार्षिकीकृत प्रतिशतता दर:
- फोरक्लोजर चार्जेज:

**१)** ६ मास की ऋण अवधि के लिए: ऋण को संवितरित किए जाने से ३ मास के भीतर यदि ऋण को बंद कर दिया जाता है तो लोन की स्वीकृत धनराशि का २% तक शुल्क।

**२)** १२ मास की ऋण अवधि के लिए: ऋण को यदि संवितरण से ६ मास के भीतर बंद कर दिया जाता है तो स्वीकृत ऋण धनराशि का २% तक शुल्क।

शिवालिक
शिवालिक स्मॉल फाइनान्स बैंक लिमिटेड

- **गिरवी रखा हुआ सामान:** सोने के गहनों/जेवरात को ऋण की प्रतिभूति के तौर पर बैंक में जमा कर दिया गया है और गिरवी रखे गए सामान में निहित सोने का घटक ही मूल्यांकन हेतु दृष्टिगत रखा जाएगा।
- **मार्जिन:** ''कर्जदार इस बात के लिए सहमत है कि बैंक को यह अधिकार होगा कि वह गोल्ड सिक्योरिटी की कीमत गिरने के कारण मार्जिन/लोन टू वैल्यू रेशियो में कोई कमी आने पर कर्जदार के खाते(खातों) से डेबिट कर सकेगा''

  ''निरंतर रूप से यह माना जाएगा कि कर्जदार ने ऐसा आश्वासन दिया है और ऐसी स्वीकृति प्रदान की है कि: (i) बैंक द्वारा जारी मंजूरी पत्र में निर्धारित मार्जिन/लोन टू वैल्यू रेशियो को लोन की पूरी अवधि तक बनाए रखा जाएगा, और यदि निर्धारित प्रतिशत के संदर्भ में उसमें कोई परिवर्तन हुआ तो कर्जदार बैंक की संतुष्टि के अनुसार अतिरिक्त सुरक्षा प्रदान करेगा या बैंक द्वारा जारी की गई ऐसी सलाह का अनुपालन करेगा''

नीलामी: शर्तों को भंग किए जाने पर बैंक अपनी नीति के अनुसार गोल्ड यानी सोने की नीलामी कर सकेगा।

| शुल्क सारणी (कर के अलावा) | |
|---|---|
| **विवरण** | **शुल्क** |
| **प्रक्रिया शुल्क + जीएसटी** | **रु. ____________________** |
| **चार्जेज नीलामी** | **वास्तविक के अनुसार** |
| **SOA जारी करने का शुल्क** | **लागू नहीं** |

सी) मैं/हम अभिस्वीकृति देते हैं और पुष्टि करते हैं कि हमें ऋण प्रलेखों की एक प्रति मिल गई है।

डी) कर्जदार समझता है कि सभी भुगतान रसीदें केवल इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्रदान की जाती हैं। हालांकि, यदि भौतिक भुगतान संबंधी पुष्टिकरण की आवश्यकता हो, तो नाममात्र शुल्क का भुगतान करके हमारी शाखा से इसे प्राप्त करें।

ई) ''बैंक'' अभिव्यक्ति से आशय, जब तक संदर्भ से भिन्न न होगा तब तक इसका अर्थ यह समझा जाएगा और इसमें इसके उत्तराधिकारी और नियुक्त व्यक्ति शामिल होंगे, तथा ''कर्जदार''अभिव्यक्ति का आशय, जब तक या इसके अर्थ या संदर्भ से भिन्न न होगा तब तक इसका अर्थ यह समझा जाएगा और इसमें कानूनी वारिस, निष्पादक, प्रशासक, उत्तराधिकारी, और नियुक्त व्यक्ति शामिल होंगे।

एफ) मैं/हम एतद्द्वारा यह घोषणा करते हैं और सहमत हैं कि मैं/हम आवेदन प्रपत्र (प्रपत्रों) प्रस्तुत करके ऋण के लिए आवेदन कर सकते हैं और शिवालिक स्मॉल फाइनान्स बैंक लिमिटेड (इसे ''बैंक'' कहा गया है) इस ऋण(ऋणों) (प्रत्येक ''ऋण'') हेतु सहमत हो सकता है जो कि आवेदन प्रपत्र(प्रपत्रों) के साथ पठित शर्तों और निबंधनों (मानक शर्तें) और पक्षों के बीच (इन्हें एक साथ ''ऋण प्रलेख'' कहा गया है) लिए–दिए गए कोई अन्य प्रलेखों द्वारा शासित होगा। कैपिटल शब्दों का प्रयोग किया गया है लेकिन जिनकी परिभाषा यहां नहीं दी गई है उनका अर्थ वही होगा जो कि आवेदन प्रपत्र में दिया गया होगा तथा जो ऋण प्रलेखों की शर्तों और निबंधनों में लिखा गया होगा। मैंने एतद्द्वारा यहां लिखी मानक शर्तों सहित इस ऋण(ऋणों) को शासित करने वाली सभी शर्तों और निबंधनों को मैंने पढ़ लिया है और समझ लिया है और मैं इनसे सहमत हूं तथा मैं इन्हें स्वीकार करता हूं तथा इनकी अभिस्वीकृति देता हूं।

जी) शर्तों और निबंधनों को मेरे द्वारा या तो इलेक्ट्रॉनिकली या फिर मेरे बैंक द्वारा भेजे गए वन टाइम पासवर्ड (ओटीपी) को सत्यापित कर स्वीकार किया गया है, या फिर शाखा में भौतिक प्रलेख पर हस्ताक्षर कर स्वीकार किया गया है। मैं ओटीपी द्वारा या भौतिक हस्ताक्षर कर ऐसे सत्यापन को समझता हूं और इन शर्तों तथा निबंधनों को स्वीकार करने का अंतिम प्रमाण होंगे और यह मेरे लिए बाध्यकारी होंगे।

एच) यह ऋण हमारे बिजनेस प्रतिनिधि ______________________________ द्वारा उपलब्ध करवाया गया है और बैंक अपनी समस्त भूल–चूक के लिए कर्जदार के प्रति उत्तरदायी होगा।

**कर्जदार के हस्ताक्षर**

ओटीपी द्वारा हस्ताक्षरित

## सामान्य नियम एवं शर्तें

**१. ऋण संवितरण**

१.१ मैं/हम समझते हैं और सहमत हैं कि बैंक मेरे द्वारा दिए गए अभ्यावेदन के आधार पर गिरवी रखी गई वस्तुओं पर ऋण दे सकता है।

१.२ मैं/हम समझते हैं, सहमत हैं और इसके द्वारा बैंक से अधिकतम १२ महीने की अवधि के लिए ऋण देने का अनुरोध करते हैं, जो समय–समय पर लागू बैंक की नीति के अधीन है। हालाँकि, मैं समझता हूं और सहमत हूं कि ऋण का प्रारंभिक अनुदान केवल आवेदन पत्र में निर्धारित अवधि (ऋण परिपक्वता तिथि के साथ) के लिए होगा। नवीनीकरण नीति के अनुसार ऋण का नवीनीकरण बैंक के विवेक पर अलग से किया जाएगा।

१.३ मैं/हम समझते हैं और सहमत हैं कि यदि बैंक ऋण के लिए मेरे अनुरोध को स्वीकार करता है और ऋण स्वीकृत करता है, तो बैंक मेरे बैंक खाते में ऋण संवितरित कर सकता है।

**२. ब्याज, अन्य अतिदेयता शुल्क और भुगतान:**

२.१ मैं/हम समझते हैं और सहमत हैं कि ऋण पर ब्याज और शुल्क ऋण दस्तावेज़ में निर्दिष्ट अनुसार लिया जाएगा और मैं स्वीकार करता हूं और सहमत हूं कि निर्दिष्ट ब्याज दर उचित है और बैंक द्वारा बताई गई है।

२.२ मैं/हम समझते हैं और सहमत हैं कि ऋण के संबंध में सभी कर, शुल्क, ड्यूटी (स्टैम्प शुल्क सहित) और प्रासंगिक पंजीकरण और फाइलिंग शुल्क (जैसा लागू हो) मेरे द्वारा वहन किया जाएगा और यदि मेरे खाते पर ऐसी कोई लागत बैंक द्वारा वहन की जाती है तो मैं तुरंत बैंक को इसकी प्रतिपूर्ति करूंगा।

२.३ मैं/हम समझते हैं और सहमत हैं कि ब्याज वास्तविक या घटी हुई शेष राशि पर लिया जाएगा, यह मानते हुए कि ३६५/३६६ दिनों का वर्ष लागू होगा और जब तक कि अन्यथा निर्दिष्ट न हो ब्याज मासिक अंतराल पर देय होगा।

२.४ मैं/हम समझते हैं और सहमत हैं कि मैं ऋण के सभी संवितरण/ऋण का पुनर्भुगतान/ब्याज का भुगतान और अन्य सभी लेनदेन (मुक्त रूप से हस्तांतरणीय निधि में, बिना किसी सेट-ऑफ, काउंटर क्लेम या किसी कटौती के) संबंधित नियत तारीख पर या उससे पहले करूंगा। और यदि नियत तारीख कोई व्यावसायिक दिन नहीं है, तो मैं उस दिन से पहले के व्यावसायिक दिन पर भुगतान करने के लिए सहमत हूं।

२.५ मैं/हम समझते हैं और सहमत हैं कि मेरे द्वारा बैंक को दी गई गिरवी रखी गई वस्तुएं और कोई अन्य सुरक्षा, मेरे द्वारा बैंक को उक्त बकाया राशि का पूरा भुगतान करने पर ही जारी की जाएगी।

**३. गिरवी रखी हुई वस्तुएं:**

३.१ मैं/हम समझते हैं और सहमत हैं कि हम/मैं पूर्ण मालिक हैं और सोने के निश्चित आभूषणों/जेवरात (ऐसे आभूषणों/जेवरात से जुड़े किसी भी पत्थर या हीरे के साथ) पर सही कब्ज़ा रखते हैं, जिन्हें प्रथम और विशेष प्रभार (गिरवी रखी गई वस्तुएं) के तरीके से एक सीलबंद पैकेट में बैंक के पास गिरवी रखा गया है और बैंक के पक्ष में बनाए गए प्रभार के अलावा उस पर कोई ग्रहणाधिकार, बाधा, प्रभार या दावा नहीं है।

३.२ मैं/हम समझते हैं और सहमत हैं कि बैंक द्वारा बिना कोई नोटिस या सूचना दिए, ऋण की अवधि के दौरान ऐसे सीलबंद पैकेट खोलने और गिरवी रखी गई वस्तुओं की गुणवत्ता के संबंध में जांच करने का अधिकार होगा (इसमें पिघलाना/काटना/गिरवी रखी वस्तुओं को तोड़ कर की जाने वाली जांचें या अन्य जांचें शामिल हैं किंतु इन्हीं तक सीमित नहीं हैं) ये मेरे जोखिम और खर्चे पर होंगी, किसी भी समय की जा सकेंगी और मैं एतद्द्वारा इस हेतु अपनी सहमति प्रदान करता हूं। मैं समझता हूं, सहमत हूं और वचन देता हूं कि बैंक के निष्कर्ष अंतिम और बाध्यकारी होंगे और मैं किसी भी तरह से उस पर विवाद नहीं करूंगा।

३.३ मैं/हम समझते हैं और सहमत हैं कि मेरे द्वारा बैंक के पास गिरवी रखी गई वस्तुएं एवं कोई अन्य सुरक्षा बैंक की संतुष्टि के अनुसार मेरे द्वारा बकाया राशि का पूरा भुगतान करने पर ही मुझे लौटाई जाएंगी।

३.४ मैं/हम समझते हैं और सहमत हैं कि गिरवी रखी गई वस्तुओं पर मेरा स्वामित्व किसी भी तरह से दोषपूर्ण या चुनौतीपूर्ण नहीं है और न ही यह वस्तुएं नकली या घटिया गुणवत्ता की हैं।

३.५ मैं/हम समझते हैं और सहमत हैं कि चोरी, सेंधमारी आदि के कारण गिरवी रखी गई वस्तुओं के नुकसान की स्थिति में, बैंक का दायित्व गिरवी रखी गई वस्तुओं के बैंक के रिकॉर्ड के अनुसार सोने के मूल्य (हीरे और पत्थरों के वजन को घटाए जाने के बाद) के बराबर, बैंक को देय समस्त बकाया को समायोजित किए जाने के बाद शेष नकद राशि की भरपाई करने तक सीमित है। प्रतिस्थापन लागत की गणना वजन और शुद्धता के आधार पर की जाएगी (जैसा कि बैंक के रिकॉर्ड में दर्ज किया गया है) और प्रकाशित आंकड़ों के अनुसार इसे सोने की वर्तमान तारीख की कीमत से गुणा किया जाएगा और वही मेरे लिए अंतिम और बाध्यकारी होगा।

३.६ मैं/हम समझते हैं और सहमत हैं कि बैंक अपने नियंत्रण से बाहर के कारणों जैसे कि आग, बाढ़, भूकंप आदि जैसी प्राकृतिक आपदाओं के कारण गिरवी रखे गए सामानों के किसी भी नुकसान/क्षति के लिए उत्तरदायी नहीं होगा और ऐसी स्थिति में, मुझे/हमें केवल वही मुआवजा मिलेगा जो यदि और जब बीमा दावे के निपटान से बैंक को मिले।

**४. गिरवी रखी गई वस्तुओं का मूल्यांकन:**

४.१ मैं/हम समझते हैं और सहमत हैं कि गिरवी रखी गई वस्तुओं का मूल्यांकन बैंक द्वारा अधिकृत और नियुक्त एक परखकर्ता द्वारा किया जाएगा और ऋण राशि बैंक द्वारा गिरवी रखी गई वस्तुओं के मूल्य के आधार पर निर्धारित की जाएगी जो कि परखकर्ता द्वारा समय-समय पर संशोधित और बैंक द्वारा निर्धारित और समय-समय पर बैंक द्वारा तय किए गए मार्जिन को दृष्टिगत रखने के बाद, परखकर्ता द्वारा प्रदान की गई मूल्यांकन रिपोर्ट में गिरवी रखी वस्तुओं के मूल्य के आधार पर बैंक द्वारा ऋण की धनराशि तय की जाएगी यह मूल्य गिरवी रखी गई वस्तुओं के समय-समय पर बाजार मूल्य के अधीन होगी। गिरवी रखे गए सोने का मूल्य समय-समय पर परिवर्तनाधीन भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा यथा विहित रूप से इंडिया बुलियन एंड ज्वैलरी एसोसिएशन लि. (पहले इसे बॉम्बे बुलियन एसोसिएशन लि. (बीबीए) ) कहा जाता था उनके द्वारा यथा उद्धरित रूप से गत ३० दिनों के २२ कैरेट सोने के बंद होने के औसत मूल्य के अनुसार निकाला गया है।

४.२ मैं/हम समझते हैं और सहमत हैं और पुष्टि करते हैं कि बैंक के रिकॉर्ड में दर्ज गिरवी रखी गई वस्तुओं का मूल्य मेरे लिए स्वीकार्य, निर्णायक, अंतिम और बाध्यकारी है और इसे किसी भी समय, किसी भी तरीके से विवादित नहीं किया जाएगा।

४.३ मैं/हम समझते हैं और सहमत हैं कि बैंक द्वारा मुझे स्वीकृत किए गए ऋण के आधार पर, इसका मतलब यह नहीं हो जाता है कि बैंक गिरवी रखे गए सोने के आभूषण/जेवरात की एक विशेष कैरेट शुद्धता संबंधी पुष्टि करता है या इसे स्वीकार करता है।

४.४ मैं/हम समझते हैं और सहमत हैं कि यदि गिरवी रखे गए सामान नकली या कम शुद्धता वाले या चोरी किए हुए पाए जाते हैं, तो बैंक मेरे खिलाफ उचित जांच/आपराधिक कार्रवाई शुरू करने का अधिकार सुरक्षित रखता है और मैं इस वजह से बैंक पर आने वाले खर्च और होने वाली हानि के लिए एकाकी रूप से उत्तरदायी रहूंगा।

४.५ मैं/हम समझते हैं और सहमत हैं कि गिरवी रखी वस्तुओं के किसी भी मूल्यांकन उद्देश्य के लिए केवल सोने के घटक पर ही विचार किया जाएगा और बैंक गुम हुई गिरवी रखी वस्तुओं की प्रतिस्थापना के समय सहित किसी भी समय सोने के आभूषणों/जेवरात में लगे पत्थर या हीरे के मूल्य पर विचार नहीं करेगा।

**५. मार्जिन:**

५.१ "कर्जदार इस बात के लिए सहमत है कि बैंक को यह अधिकार होगा कि वह गोल्ड सिक्योरिटी की कीमत गिरने के कारण मार्जिन/लोन टू वैल्यू रेशियो में कोई कमी आने पर कर्जदार के खाते(खातों) से डेबिट कर सकेगा"

"निरंतर रूप से यह माना जाएगा कि कर्जदार ने ऐसा आश्वासन दिया है और ऐसी स्वीकृति प्रदान की है कि: (i) बैंक द्वारा जारी मंजूरी पत्र में निर्धारित मार्जिन/लोन टू वैल्यू रेशियो को लोन की पूरी अवधि तक बनाए रखा जाएगा, और यदि निर्धारित प्रतिशत के संदर्भ में उसमें कोई परिवर्तन हुआ तो कर्जदार बैंक की संतुष्टि के अनुसार अतिरिक्त सुरक्षा प्रदान करेगा या बैंक द्वारा जारी की गई ऐसी सलाह का अनुपालन करेगा"

५.२ मैं/हम समझते हैं और सहमत हैं कि गिरवी रखी गई वस्तुओं के मूल्य की नियमित आधार पर निगरानी की जाएगी और यदि गिरवी रखी गई वस्तुओं का मूल्य मार्जिन आवश्यकताओं से कम हो जाता है, तो बैंक आनुपातिक वजन/मूल्य की अतिरिक्त सुरक्षा बनाने या ऋण के आंशिक या पूर्ण पुनर्भुगतान की मांग कर सकता है और ऐसी मांग पर मैं तुरंत अपेक्षा का अनुपालन करूंगा।

५.३ मैं/हम समझते हैं कि यहां उल्लिखित किसी भी बात के बावजूद, यदि मेरे द्वारा नियत तिथि के भीतर ब्याज/शुल्क सहित ऋण राशि चुकाने में या मार्जिन आवश्यकताओं में कमी की राशि का भुगतान करने में कोई चूक होती है, तो गिरवी रखी गई वस्तुओं के मूल्य की जैसा कि बैंक द्वारा मांग की गई है या कोई भी परिस्थिति इन नियमों और शर्तों के तहत मेरे दायित्वों को पूरा करने की मेरी क्षमता को प्रभावित कर सकती हों तो बैंक के पास मेरे ख़िलाफ कानूनी कार्यवाही शुरू करने और/या ऋण की अवधि समाप्त होने से पहले भी, मेरे आवेदन प्रपत्र में दिए गए पते पर मुझे ७ दिन पहले नोटिस देकर किसी भी समय नीलामी प्रक्रिया के माध्यम से गिरवी रखी गई वस्तुओं को बेचने का वैध अधिकार है। मैं इससे सहमत हूं और सहमति देता हूं और किसी भी समय किसी भी तरीके से इस पर विवाद नहीं करूंगा।

५.४ मैं/हम समझते हैं और सहमत हैं कि किसी भी सामान्य ग्रहणाधिकार या इसी तरह के अधिकार के अलावा, जिसके लिए बैंकर के रूप में बैंक कानून द्वारा हकदार हो सकता है, बैंक किसी भी समय और मुझे/हमें नोटिस दिए बिना मेरे सभी या किसी भी हिस्से को संयोजित या संघटित कर सकता है या बैंक के पास मेरे/हमारे खाते और बैंक को देनदारियां और ऐसे किसी भी एक या अधिक खातों में जमा किसी भी राशि या रकम को किसी अन्य खाते में बैंक के प्रति मेरी/हमारी किसी भी देनदारी की पूर्ति के लिए या किसी अन्य संबंध में सैट ऑफ़ या हस्तांतरित कर सकता है, चाहे ऐसी देनदारियां वास्तविक हों या आकस्मिक, प्राथमिक या संपार्श्विक और एकाधिक या संयुक्त हों।

**६. अनुबंध:**

६.१ मैं/हम समझते हैं और सहमत हैं कि मैं अपने द्वारा ऋण दस्तावेजों के किसी भी नियम और शर्तों का उल्लंघन करने या ऋण या गिरवी रखी गई वस्तुओं के संबंध में कोई गलत बयानी करने के परिणामस्वरूप बैंक को होने वाले सभी नुकसानों, खर्चों, शुल्कों, क्षतियों, लागतों और देनदारियों (तीसरे पक्ष के दावों सहित) के लिए बैंक को क्षतिपूर्ति दूंगा, क्षतिमुक्त रखूंगा और निरापद रखूंगा। मैं समझता हूं और सहमत हूं कि मैं बीमा लागत, प्रवर्तन लागत, सभी बकाया करों के भुगतान और सरकार के किसी भी अन्य शुल्क आदि सहित ऋण(णों) के संबंध में हर लागत और व्यय की प्रतिपूर्ति बैंक को बिना किसी देरी, आपत्ति या विरोध के प्रतिपूर्ति करूंगा।

६.२ मैं समझता हूं और सहमत हूं कि मैं इन धन राशि का उपयोग किसी भी रूप में सोने की खरीद के लिए नहीं करूंगा, (जिसमें प्राथमिक सोना, सोने की छड़े, सोने के आभूषण/गहने, सोने के सिक्के, गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) की इकाइयां और गोल्ड म्यूचुअल फंड की इकाइयां शामिल हैं)। मैं समझता हूं और सहमत हूं कि मैं ऋण की राशि का उपयोग ऋण आवेदन में बताए गए उद्देश्य के लिए ही करूंगा।

६.३ मैं/हम समझते हैं और सहमत हैं और स्वीकार करते हैं कि ऋण दस्तावेजों में कुछ भी निहित होने के बावजूद, इस ऋण व्यवस्था के तहत मेरे/हमारे द्वारा किया गया कोई भी भुगतान बैंक द्वारा निम्नलिखित क्रम में विनियोजित किया जाएगा:

ए) मूलधन की वसूली;
बी) भुगतान योग्य ब्याज और देय तथा भुगतान योग्य सभी धनराशियां।
सी) लागत, शुल्क और व्यय।

६.४ मैं/हम ऋण आवेदन पत्र में मेरे द्वारा दी गई जानकारी में किसी भी बदलाव या संशोधन होने पर बैंक को तुरंत लिखित रूप से सूचित करने के लिए सहमत हूं।

६.५ मैं/हम समझते हैं और सहमत हैं कि मैं समय-समय पर बैंक द्वारा अपेक्षित सभी दस्तावेज/जानकारी प्रस्तुत करूंगा और बैंक स्वयं या अपने एजेंटों के माध्यम से किसी भी जानकारी, क्रेडिट संदर्भ, रोजगार विवरण को सत्यापित कर सकता है और क्रेडिट रिपोर्ट या समय-समय पर बैंक द्वारा आवश्यक समझी जाने वाली कोई अन्य जानकारी प्राप्त कर सकता है।

**७. चूक यानी डिफाल्ट की घटनाएं:** मैं समझता हूं, सहमत हूं और स्वीकार करता हूं कि निम्नलिखित में चूक यानी डिफ़ॉल्ट की घटनाएं शामिल होंगी:

७.१ लेन-देन दस्तावेजों के तहत किसी भी राशि का भुगतान/पुनर्भुगतान (चाहे नियत तारीख पर, एक्सेलेरेशन के तहत या अन्यथा) करने में डिफ़ॉल्ट होना।

७.२ यदि मैंने किसी भी अनुबंध के निष्पादन में (भुगतान डिफ़ॉल्ट के अलावा) चूक की है और उल्लंघन के ३ (तीन) दिनों के भीतर समाधान नहीं किया जाता है।

७.३ मुझे यह उचित आशंका है या है कि मैं स्वेच्छा से या अनैच्छिक रूप से किसी दिवालियापन या दिवाला कानून के तहत कार्यवाही का विषय बन जाता हूं या बन सकता हूं।

७.४ मेरी मृत्यु, या मेरा संविधान में परिवर्तन जो ऋणदाता की सहमति के बिना किया गया हो।

७.५ आभूषणों की चोरी या आभूषणों की चोरी के किसी भी संदेह के आधार पर गिरफ़्तारी या जेल में कैद करना।

७.६ ऋण के लिए दी गई कोई भी सुरक्षा, यदि कोई हो, ख़तरे में है या प्रभावी रुप से समाप्त हो गई है।

७.७ यदि मेरे द्वारा यहां दिया गया कोई भी अभ्यावेदन या बयान या विवरण असत्य, भ्रामक या गलत पाया जाए।

७.८ यहां और/या मंजूरी पत्र, सुरक्षा दस्तावेजों, ऋण दस्तावेजों आदि में निहित किसी भी नियम और शर्तों, बाध्यकारिताओं, प्रस्तुतीकरणों का उल्लंघन।

७.९ कोई भी परिस्थिति या घटना जो ऋण चुकाने या दायित्वों का पालन करने की मेरी/हमारी क्षमता को प्रतिकूल रुप से प्रभावित करती है या कोई भी ऐसी घटना जो बैंक के हित के लिए हानिकारक हो।

७.१० गिरवी रखे गए सामान की गुणवत्ता के संबंध में किसी भी प्रणालीगत धोखाधड़ी का पता चलने पर।

७.११ यदि गिरवी रखी गई संपत्ति का मूल्य बाजार मूल्य में परिवर्तन या किसी अन्य कारण से समय–समय पर निर्धारित आवश्यक मार्जिन से कम हो जाता है। मैं समझता हूं, सहमत हूं और स्वीकार करता हूं कि उपरोक्त में से कोई भी घटना होने पर, ऋणदाता निम्नलिखित कार्य कर सकता है:

ए) मुझसे सुविधा की बकाया राशि ब्याज सहित और लेन–देन दस्तावेजों के अनुसार देय सभी राशियों का भुगतान करने के लिए कहा जाएगा।

बी) सुविधा के संबंध में और/या बकाया राशि (कानूनी/वकील शुल्क सहित) की वसूली के लिए मेरे और/या लेनदेन दस्तावेजों के तहत किसी भी नियम और शर्तों में मेरी विफलता के कारण किसी भी कार्य या डिफ़ॉल्ट के कारण ऋणदाता द्वारा किए गए सभी दावों, लागतों, हानियों और खर्चों का भुगतान करने के लिए मुझसे कहा जाएगा।

सी) गिरवी रखी गई संपत्तिओं को नीलामी द्वारा बेचें।

७.१२ ऐसी अन्य घटना जो बैंक द्वारा मंजूरी पत्र में या अन्यथा निर्दिष्ट की जा सकती है। कर्जदार द्वारा देय राशि या उसके किसी भी हिस्से को विधिवत चुकाने/भुगतान करने में किसी भी चूक की स्थिति में और/या प्रतिज्ञा समझौते/लेन–देन/सुविधा दस्तावेज़ के प्रावधानों के अनुसार कर्जदार/गिरवीकर्ता द्वारा अपने दायित्वों को पूरा करने में विफलता की स्थिति में, बैंक, कर्जदार/गिरवीकर्ता की सहमति या सहमति की आवश्यकता के बिना, निम्नलिखित में से सभी या कोई भी कार्य करने का हकदार होगा:

ए) किसी भी घटना के घटित होने पर, बकाया राशि तुरंत देय हो जाएगी और बैंक को ऋण सुविधा को वापस लेने का पूरी तरह से अधिकार होगा।
बी) प्रतिज्ञा का आह्वान देना और लागू करना।
सी) सार्वजनिक नीलामी द्वारा या ऐसे तरीके से, ऐसी कीमत पर और ऐसी शर्तों पर और ऐसी शर्तों के अधीन, जो बैंक उचित समझे, गिरवी रखी गई सभी या किसी भी वस्तु को बेचें या अन्यथा निपटान करें।

बैंक के कब्जे में रहने के दौरान या बिक्री, वसूली या निपटान के दौरान या अन्यथा गिरवी रखे गए सोने के आभूषणों/गहनों के मूल्य में किसी भी हानि या मूल्यह्रास के लिए बैंक किसी भी तरह से उत्तरदायी नहीं होगा। गिरवी रखे गए सोने के आभूषणों/गहनों की ऐसी मांग और बिक्री कर्जदार/गिरवीकर्ता की लागत पर होगी और इस तरह की मांग और बिक्री से उत्पन्न होने वाली किसी भी कमी की भरपाई कर्जदार/गिरवीकर्ता द्वारा अपनी पूरी लागत, जोखिम और जिम्मेदारी पर बैंक को की जाएगी।

७.१३ बैंक की पूर्व लिखित सहमति के बिना मेरे द्वारा गिरवी रखी गई वस्तुओं पर कोई प्रभार, ग्रहणाधिकार, गिरवी या कोई भार पैदा करने का कोई भी प्रयास।

७.१४ यदि यह पता चलता है कि मूल्यांकनकर्ता और मेरे बीच कोई मिलीभगत है जिसके परिणामस्वरूप सोने के आभूषणों का धोखाधड़ीपूर्ण और त्रुटिपूर्ण मूल्यांकन हुआ है, या यदि बैंक को इस संबंध में उचित संदेह हो।

७.१५ यदि मेरे या किसी प्रतिभूति यानी सुरक्षा के विरुद्ध कोई कुर्की, संकट, निष्पादन या अन्य प्रक्रिया प्रवर्तित की जाती है/लगाई जाती है।

७.१६ यदि गिरवी रखी गई वस्तुओं का मूल्य बाज़ार मूल्य में परिवर्तन या किसी अन्य कारण से समय–समय पर निर्धारित आवश्यक मार्जिन से कम हो जाता है।

७.१७ मैं/हम समझते हैं और सहमत हैं कि बैंक द्वारा स्थानीय भाषा में दैनिक समाचार पत्रों में विज्ञापन देकर और राष्ट्रीय दैनिक समाचार पत्र में एक अन्य विज्ञापन देकर, मुझे ७ व्यावसायिक दिनों का नोटिस देने के बाद नीलामी आयोजित की जाएगी, जिसके लिए मैं सहमत हूं कि यह भारतीय अनुबंध अधिनियम १८७२ की धारा १७६ के प्रयोजनार्थ एक उचित अवधि है।

मैं समझता हूँ कि,

- नीलामी के समय सोने की कीमत इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन लिमिटेड जिसे पहले बॉम्बे बुलियन एसोसिएशन लिमिटेड (बीबीए) के नाम से जानाजाता था द्वारा जारी २२ कैरेट सोने की दर के पिछले ३० दिनों के बंद होने के औसत मूल्य को ध्यान में रखा जाएगा।
- नीलामी की कीमत बैंक के विवेक के आधार पर होगी, जिसका आधार बैंक की आंतरिक नीति होगी, नीलामी के लिए न्यूनतम २ बोलीदाताओं की आवश्यकता होगी और उच्चतम बोली बैंक द्वारा स्वीकार की जाएगी।

७.१८ मैं समझता हूं और सहमत हूं कि मुझे पंजीकृत पत्र/कूरियर सेवा, एसएमएस या टेलीफोन या व्यक्तिगत सूचना या ईमेल के माध्यम से या संचार के किसी अन्य माध्यम से गिरवी रखे गए सामान को सार्वजनिक नीलामी के अधीन करने के इरादे के बारे में सूचित किया जाएगा।

७.१९ मुझे/हमें इस बात पर कोई आपत्ति नहीं है कि बैंक द्वारा उपलबध करवाए जाने वाले विभिन्न उत्पादों, प्रस्तावों और सेवाओं के बारे में बैंक और/या इसके एजेंट मुझे/हमें किसी भी तरीके से (फोन कॉल, एसएमएस/ईमेल/पत्र आदि सहित) जानकारी प्रदान करें और उपर्युक्त प्रयोजन हेतु बैंक और/या इसके एजेंटों को

मैं/हम प्राधिकृत करते हैं। मैं इस बात की पुष्टि करता/ती हूं कि मुझे इस तरह की जानकारी दिए जाने/पत्राचार आदि किए जाने पर 'टेलीकॉम रैगूलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया' द्वारा बनाए गए ''नेशनल डू नॉट कॉल रजिस्ट्री'' में दिए गए, अनचाही जानकारी से संबंधित कानून लागू नहीं होंगे।

७.२० मैं/हम समझते हैं और सहमत हैं कि नीलामी बैंक द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार आयोजित की जाएगी।

७.२१ मैं/हम समझते हैं और सहमत हैं कि गिरवी रखी वस्तुओं की बिक्री से प्राप्त रकम का उपयोग ऋण के तहत बकाया भुगतान के लिए किया जाएगा। यदि वसूल की गई राशि बकाया राशि को पूरा करने के लिए अपर्याप्त है, तो बैंक मुझसे शेष राशि ले सकता है और इसकी वसूली के लिए आवश्यक समझी जाने वाली अन्य और आगे की कार्रवाई करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। हालाँकि, यदि प्राप्त राशि कुल देय राशि से अधिक है, तो लागू समस्त बकाया राशि को समायोजित करने के बाद अतिरिक्त राशि मुझे वापस कर दी जाएगी।

७.२२ मैं/हम यह समझते हैं और सहमत हैं कि चूक करने की दशा में, बैंक को यह पूरा अधिकार होगा कि वह मेरे बारे में और मेरे द्वारा की गई चूक के बारे में सोशल मीडिया के माध्यम से तथा इस सहित पब्लिक डोमेन में यानी सार्वजनिक रूप से यह जानकारी उजागर या प्रकाशित कर सके।

७.२३ किसी भी कानून या अनुबंध के तहत उपलब्ध किसी भी अधिकार को लागू करना।

**८. अतिरिक्त सुविधाएं:**

८.१ मैं/हम समझते हैं और सहमत हैं कि मैं ऑनलाइन सुरक्षित प्लेटफॉर्म (ऑनलाइन ऋण) का उपयोग करके या बैंक के टोल-फ्री नंबरों पर कॉल करके आगे/अतिरिक्त सुविधाओं (ऐसे अतिरिक्त ऋण(णों) के लिए गिरवी जारी रखना) के लिए आवेदन कर सकता हूं। बैंक अपने विवेक से ऐसा अतिरिक्त ऋण दे सकता है, बशर्ते कर्जदार बैंक के क्रेडिट मापदंडों का अनुपालन करे और आवश्यकतानुसार सभी दस्तावेज/जानकारी जमा करे।

८.२ मैं/हम समझते हैं और सहमत हैं कि बैंक को मेरे द्वारा समय-समय पर बैंक से प्राप्त की गई अन्य सुविधाओं के संबंध में, गिरवी रखी गई वस्तुओं और उसकी बिक्री से प्राप्त किसी भी रकम के संबंध में ग्रहणाधिकार और सेट ऑफ करने का अधिकार होगा।

**९. परिपक्वता और नवीनीकरण:**

९.१ परिपक्वता पर, मैं/हम या तो ब्याज सहित ऋण चुकाएंगे, और ऐसे अन्य बकाया जो मेरे/हमारे द्वारा बैंक को देय हैं (बकाया) या मैं/हम, किसी भी समय ऋण का नवीनीकरण करने/बढ़ाने का अनुरोध कर सकते हैं जो बैंक मुझे/हमें अपने एकमात्र और पूर्ण विवेक पर दे सकता है, बशर्ते कि बैंक के पक्ष में सोने की सुरक्षा यानी प्रतिभूति गिरवी रखी जाए और ऐसी अन्य सुरक्षा का प्रावधान किया जाए बैंक को जिसकी आवश्यकता हो और ऐसे नवीनीकरण/वृद्धि के समय प्रचलित अपनी नीतियों के अनुसार बैंक द्वारा निर्धारित ब्याज दर को बदला जाए।

**१०. विविध:**

१०.१ मैं/हम समझते हैं और सहमत हैं कि सभी संचार ऋण के लिए आवेदन पत्र में मेरे द्वारा दिए गए पते पर लिखित रूप में भेजे जाएंगे। यदि पते या संपर्क विवरण में कोई परिवर्तन होता है, तो मेरे द्वारा बैंक को लिखित रूप में तुरंत सूचित किया जाएगा, ऐसा न करने पर, यह माना जाएगा कि मांग नोटिस, नीलामी नोटिस आदि सहित सभी संचार उक्त पते पर भेजे गए हैं वे मुझे प्राप्त हुए मान लिए जाएंगे।

१०.२ मैं/हम समझते हैं और सहमत हैं कि इस ऋण समझौते/नियम और शर्तों या उससे उत्पन्न किसी भी संबंधित लेनदेन, या उसके उल्लंघन, समाप्ति, या अमान्यता से उत्पन्न होने वाले किसी भी विवाद, तकरार या दावों को पहले मध्यस्थता और सुलह अधिनियम, १९९६ (अधिनियम) और फास्ट-ट्रैक ई-एर्ब्रिट्रेशन पर लागू होने वाले ''ज्यूपिटिस जस्टिस टेक्नोलॉजी लिमिटेड'' के नियमों और विनियमों के संयोजन में निर्धारित नियमों और विनियमों के अनुसार ''ज्यूपिटिस जस्टिस टेक्नोलॉजी लिमिटेड'' नामक एक स्वतंत्र और तटस्थ, तीसरे पक्ष की संस्था को मध्यस्थता के लिए भेजा जाएगा जिसके द्वारा इसे ऑनलाइन विवाद समाधान के माध्यम से संचालित और प्रशासित किया जाएगा। जो कि इंटरनेट पर उपलब्ध है और ''ज्यूपिटिस जस्टिस टेक्नोलॉजी लिमिटेड'' द्वारा संचालित वेबसाइट arbitration.jupitice.com पर होस्ट किया गया है।

विवाद का निपटारा करने के लिए नियुक्त मध्यस्थता न्यायाधिकरण में मध्यस्थता और सुलह अधिनियम, १९९६ और ''ज्यूपिटिस जस्टिस टेक्नोलॉजी लिमिटेड'' के नियमों के अनुसार नियुक्त एक स्वतंत्र एकमात्र मध्यस्थ शामिल होगा। मध्यस्थता कार्यवाही की सीट गौतम बुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश, भारत होगी। मध्यस्थता की सभी लागतें दोनों पक्षों द्वारा समान रूप से वहन की जाएंगी। समस्त मध्यस्थता कार्यवाही अंग्रेजी भाषा में आयोजित की जाएगी, और मध्यस्थता का प्रक्रियात्मक कानून भारतीय कानून होगा। मध्यस्थता न्यायाधिकरण का निर्णय अंतिम और पक्षकारों पर बाध्यकारी होगा। ''ज्यूपिटिस जस्टिस टेक्नोलॉजी लिमिटेड'' द्वारा मध्यस्थ के चयन में बैंक का कोई प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष प्रभाव नहीं होगा।

१०.३ कर्जदार की मृत्यु के मामले में, मूलधन, ब्याज, दंड ब्याज, यदि कोई हो, और शुल्क सहित पूर्ण बकाया की वसूली के बाद ही सुरक्षा वस्तुएं नामांकित व्यक्ति (ऋण की मंजूरी के समय नियुक्त) को कर्जदार /नामांकित व्यक्ति के मूल केवाईसी दस्तावेजों के सत्यापन के बाद जारी की जाएंगी/सौंपी जाएंगी।

१०.४ मैं/हम समझते हैं और सहमत हैं कि बैंक, किसी भी अन्य समझौते पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, अपने एकाकी विवेक पर, मुझसे संबंधित किसी भी अन्य धन, धनराशि, प्रतिभूतियों और अन्य संपत्ति (चाहे अकेले या संयुक्त रूप से किसी अन्य या अन्य के साथ हो) को बैंक या उसकी किसी सहायक/सहयोगी/सहयोगी कंपनी के कब्जे में या बैंक द्वारा मुझे दिए गए किसी भी ऋण के तहत बकाया भुगतान के लिए लागू करने हेतु स्वतंत्र होगा।

१०.५ मैं/हम समझते हैं और सहमत हैं कि बैंक एकमात्र मेरे जोखिम और लागत पर मुझसे बकाया वसूलने के लिए एक या एक से अधिक व्यक्तियों को शामिल करने का हकदार होगा और बैंक के रूप में जो उसे उचित लगता हो, मुझसे संबंधित ऐसी जानकारी, तथ्य और आंकड़े साझा करने का भी हकदार होगा।

१०.६ मैं/हम समझते हैं और सहमत हैं कि बैंक, किसी भी समय, ऋण दस्तावेजों के तहत अपने सभी या किसी भी अधिकार, लाभ और बाध्यकारिताओं को निर्दिष्ट या हस्तांतरित कर सकता है।

शिवालिक
शिवालिक स्मॉल फाइनान्स बैंक लिमिटेड

१०.७ मैं समझता हूं और सहमत हूं कि सभी लेन–देन केवल ऋणदाता के नियमित कार्य समय के दौरान और केवल कार्यदिवसों पर ही किए जाएंगे।

१०.८ मैं/हम समझते हैं और सहमत हैं कि बैंक मुझे सूचित करके नियम और शर्तों में संशोधन करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

१०.९ मैं/हम समझते हैं और सहमत हैं कि प्रदान किए गए ऋण का उपयोग करके, मैं बिना शर्त और अपरिवर्तनीय रूप से यहां सूचीबद्ध और समय–समय पर यथा संशोधित नियमों और शर्तों को स्वीकार कर रहा हूं और सदैव उनका पालन करूंगा तथा उनसे बंधा रहूंगा।

१०.१० **एफएटीसीए:** मैं समझता हूं, सहमत हूं और इसकी पुष्टि करता/करती हूं कि मैं भारत का नागरिक और स्थायी निवासी हूं और भारत की कर व्यवस्था के अधीन हूं। **प्रतिज्ञा:** सुविधा पाने के लिए सोने के आभूषण/आभूषण बैंक में जमा कर दिए गए हैं और मूल्यांकन के लिए गिरवी रखी गई वस्तुओं में से केवल सोने के हिस्से पर ही विचार किया जाएगा। **अंतर:** कर्जदार यह सुनिश्चित करेंगे कि कुल बकाया राशि हमेशा गिरवी रखे गए आभूषणों के मूल्य का ९०% या आरबीआई द्वारा समय–समय पर निर्धारित सीमा से अधिक न हो। **नीलामी:** समय–समय पर ऋणदाता द्वारा अपनी वेबसाइट पर अधिसूचित शर्तों के उल्लंघन का मामला हुआ तो बैंक अपनी नीति के अनुसार सोने की नीलामी कर सकता है।

१०.११ प्रतिज्ञा: ऋण सुरक्षित करने के लिए सोने के आभूषण/जेवरात बैंक में जमा कर दिए गए हैं और मूल्यांकन के लिए गिरवी रखी गई वस्तुओं में से केवल सोने के हिस्से पर ही विचार किया जाएगा। यह ऋण बैंक के ''फेयर प्रैक्टिस कोड'' के अनुपालन में स्वीकृत किया गया है जो बैंक की वेबसाइट www.shivalikbank.com पर उपलब्ध है। कृपया लिंक पर क्लिक करके फेयर प्रैक्टिस कोड पर जाएँ:

http:// www.shivalikbank.com/policy/Fair-Lending - Practice-Code-Policy.pdf

**११.** ऋण की देय राशि (मूलधन या ब्याज या दोनों) के पुनर्भुगतान में चूक या देरी की स्थिति में। कर्जदार ________% प्रति वर्ष की दर पर अतिदेय शुल्क का भुगतान करने के लिए उत्तरदायी होगा। समय–समय पर लागू नियामक दिशानिर्देशों के अनुसार, जितने दिनों तक देय राशि अतिदेय रहेगी, उतने दिनों के लिए अतिदेय शुल्क अतिदेय राशि पर लागू होगा।

**१२. संपत्ति वर्गीकरण**

भारतीय रिज़र्व बैंक की १२ नवंबर २०२१ की आय पहचान, संपत्ति वर्गीकरण और अग्रिमों से संबंधित प्रावधानों पर विवेकपूर्ण मानदंड – स्पष्टीकरण पर उनकी अधिसूचना के अनुसार, कर्जदार निम्नलिखित ऋण वर्गीकरण संरचना का ध्यान रखेगा:

| वर्गीकरण | डीपीडी बकेट रेंज | विवरण |
|---|---|---|
| एसएमए–० | ३० दिन तक | यदि किसी ऋण खाते की देय तिथि ३१ मार्च, २०२१ है, और इस तिथि की अंतिम प्रक्रिया से पहले पूर्ण बकाया प्राप्त नहीं होता है, तो अतिदेय की तिथि ३१ मार्च, २०२१ होगी, इसे ३१ मार्च, २०२१ को एसएमए–० के रूप में टैग किया जाएगा। |
| एसएमए–१ | ३० दिन से अधिक और ६० दिन तक | उपरोक्त को जारी रखते हुए, यदि खाता अतिदेय बना रहता है, तो ३० अप्रैल, २०२१ को चल रहे दिन की प्रक्रिया के समापन पर, यानी लगातार अतिदेय होने के ३० दिन पूरे होने पर इसे एसएमए–१ के रूप में टैग किया जाएगा। |
| एसएमए–२ | ६० दिन से अधिक और ९० दिन तक | उपरोक्त को जारी रखते हुए, यदि खाता अतिदेय बना रहता है, तो ३० मई, २०२१ को चल रहे दिन की प्रक्रिया के समापन पर, यानी लगातार अतिदेय होने के ६० दिन पूरे होने पर इसे एसएमए–२ के रूप में टैग किया जाएगा। |
| गैर–निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) | ९० दिन से अधिक | उपरोक्त को जारी रखते हुए, और यदि यह आगे भी अतिदेय बना रहता है, तो इसे २९ जून, २०२१ को चल रहे दिन के अंत की प्रक्रिया पर एनपीए के रूप में वर्गीकृत किया जाएगा। एक बार जब कोई खाता एनपीए हो जाता है, अर्थात, ९० दिनों तक अतिदेय रहता है, तो इसे एनपीए के रूप में टैग किया जाएगा, जब तक कि इसकी समस्त अतिदेय धनराशि का भुगतान नहीं कर दिया जाता है* और इसकी डीपीडी ० हो जाती है। किए गए किसी भी आंशिक भुगतान से एनपीए स्थिति में कोई बदलाव नहीं आएगा। |

*अतिदेय धनराशि पुनर्भुगतान अनुसूची के अनुसार देय ब्याज या मूलधन और ब्याज है।

शिवालिक
शिवालिक स्मॉल फाइनान्स बैंक लिमिटेड

१३. मैं/हम स्पष्ट रूप से सहमति देते हैं और बैंक को मेरे आवेदन विवरण, व्यक्तिगत डेटा और मेरे बारे में संवेदनशील जानकारी एकत्र करने, संग्रहीत करने और संसाधित करने के लिए अधिकृत करते हैं (चाहे वह स्वयं या उसके किसी भी सेवा प्रदाता के माध्यम से, और चाहे स्वचालित तरीके से या अन्य प्रकार से कर रहा हो)। अपने ग्राहक को जानें (केवाईसी) क्रेडिट जानकारी से संबंधित जानकारी, कागजात और डेटा, और मेरे बारे में/मुझसे संबंधित हो या न हो, जो बैंक द्वारा प्रासंगिक समझी जा सकती हो (सामूहिक रूप से, सूचना) और मैं/हम एतद्द्वारा स्पष्ट रूप से सहमति भी देते हैं कि गोल्ड लोन आवेदन के प्रयोजन के लिए मेरी सी-केवाईसी आईडी का उपयोग करके सी-केवाईसी रजिस्ट्री से केवाईसी विवरण डाउनलोड करने के लिए बैंक अधिकृत है और सेवा प्रदाताओं, सलाहकारों, क्रेडिट सूचना कंपनियों, सूचना उपयोगिताओं, अन्य बैंकों और वित्तीय संस्थानों , सहयोगी कंपनियों, समूह कंपनियों, सहायक नियामकों, जांच एजेंसियों के साथ जानकारी साझा करने और प्रकट करने के लिए बैंक को स्पष्ट रूप से सहमति है। न्यायिक, अर्ध-न्यायिक और वैधानिक प्राधिकरण, या अन्य व्यक्तियों/संस्थानों/संस्थाओं को, जो संविदात्मक या कानूनी आवश्यकताओं के संबंध में या बैंक के विधिक हितों के संबंध में या सहमति के अनुसार आवश्यक हो, जानकारी संसाधित करने का कार्य करते हैं वे भंडारण, संरचना, आयोजन, पुनरुत्पादन, नकल, उपयोग, प्रोफाइलिंग आदि के माध्यम से, जैसा कि बैंक द्वारा उचित समझा जाए और क्रेडिट मूल्यांकन, धोखाधड़ी का पता लगाने, एंटी-मनी लॉन्ड्रिंग दायित्वों के प्रयोजनों के लिए, अनुबंध करने के लिए, प्रत्यक्ष रूप से विपणन के लिए अधिकृत हैं। मैं बैंक, उसके सेवा प्रदाताओं, एजेंटों और/या उसके सहयोगियों द्वारा समय-समय पर टेलीफोन, एसएमएस और/या ईमेल के माध्यम से बैंक के विभिन्न उत्पादों और सेवाओं के बारे में जानकारी देने, विपणन प्रचार करने और क्रॉस सेलिंग के लिए स्पष्ट रूप से सहमत हूं।

१४. **शिकायत निवारण**

प्रिय कर्जदार, यदि आपकी कोई शिकायत या व्यथा है, तो हमारे ग्राहक सेवा प्रतिनिधि से संपर्क करें, या अपनी निकटतम शाखा पर जाएँ। आप अपनी शिकायतें दर्ज करने के लिए शाखा में उपलब्ध शिकायत बॉक्स या शिकायत प्रपत्र का भी उपयोग कर सकते हैं। यदि आपकी शिकायत का समाधान नहीं होता है, तो कृपया निम्नलिखित एस्केलेशन मैट्रिक्स का उपयोग करें।

**स्तर १: शाखा प्रबंधक / फ़ोन बैंकिंग नंबर / ग्राहक सेवा केंद्र**

कृपया हमारे बिजनेस कोरेस्पोडेंट (बिजनेस कोरेस्पोडेंट का संपर्क विवरण (https:shivalikbank.com/bc-partners-contact-details-hindi) या अपनी निकटतम शाखा में शाखा प्रबंधक (ब्रांच मेनेजर) से संपर्क करें या हमारे फोन बैंकिंग अधिकारी से १८००-२०२-५३३३ संपर्क करें या customercare@shivalikbank.com पर ईमेल भेजें।

**स्तर २: नोडल अधिकारी**

यदि आप शाखा/फोन बैंकिंग/ग्राहक सेवा केंद्र से मिले जवाब या समाधान से संतुष्ट नहीं हैं या यदि आपको ७ कार्य दिवसों में कोई जवाब नहीं मिलता है, तो आप क्षेत्रीय नोडल अधिकारी को फोन कर सकते हैं या नीचे दिए संपर्क विवरण पर उनसे पत्र या ईमेल द्वारा संपर्क कर सकते हैं।

| नोडल अधिकारी | |
|---|---|
| **नोडल अधिकारी का नाम:** | **जायत्री सिंह** |
| | शिवालिक स्मॉल फाइनान्स बैंक लिमिटेड |
| | दूसरी मंज़िल, एड इंडिया टावर, प्लॉट नं. ६ए, सेक्टर १२५, नोएडा - २०१३०३. |
| **संपर्क विवरण:** | ०१२०-४०६००११ |
| **ईमेल आयडी:** | grievance@shivalikbank.com |

**स्तर ३: मुख्य नोडल अधिकारी**

यदि आप नोडल अधिकारी से प्राप्त जवाब या समाधान से संतुष्ट नहीं हैं या यदि आपको ७ कार्य दिवसों के भीतर कोई जवाब नहीं मिलता है, तो कृपया नीचे दिए गए पते और संपर्क विवरण पर मुख्य नोडल अधिकारी से संपर्क करें:

हमारे मुख्य नोडल अधिकारी ७ कार्य दिवसों के भीतर शिकायतकर्ता की समस्या का उचित समाधान करने का प्रयास करेंगे। यदि शिकायत की जांच के लिए अधिक समय की आवश्यकता होती है, तो शिकायतकर्ता को सूचित किया जाएगा कि शिकायत का जवाब देने के लिए और समय की आवश्यकता है।

| मुख्य नोडल अधिकारी | |
|---|---|
| **मुख्य नोडल अधिकारी का नाम:** | **रवि रत्नाकर सिंह** |
| | शिवालिक स्मॉल फाइनान्स बैंक लिमिटेड |
